प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री हेमराज मीना, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक 19.04.2024 को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

1- पुलिस पार्टी पर फायर करने का 01 आरोपीअवैध तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार थाना बिलारीः-

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध/अपराधीयो व अवैध शस्त्रो के निर्माण / तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने एवं संलिप्त अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत दिनांक 19.04.2024 को थाना बिलारी पुलिस द्वारा की जा रही चैकिगं के दौरान अभियुक्तगण द्वारा पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से फायरिगं की गयी उ0नि0 जयवीर सिंह थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद द्वारा मय हमराही पुलिस बल के आत्मरक्षार्थ करते हुये अभियुक्त राजीव कुमार पुत्र राजेंद्र सिंह निवासी हर्ष नगर कस्बा व थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद को अवैध एक तमंचा व 01 कारतूस व 01 खोखा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया । इस सम्बन्ध में थाना बिलारी पर अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0- 227/2024 धारा- 307 भा0द0वि0 व 3/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।